## आवास नहीं बनाने का औचित्य

54. श्री जितेन्द्र कुमार राय - स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 13.12.2010 को छपी शीर्षक ''आठ माह में बने 40% आवास'' के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में इंदिरा आवास योजना के अधीन वर्ष 2009-10 में 3 लाख 31 हजार 116 इंदिरा आवास बनाने की स्वीकृति दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इंदिरा आवास योजना के अधीन वर्ष 2010-11 में 7 लाख 57 हजार, 835 इंदिरा आवासों की स्वीकृति दी गई ;

(3) क्या यह बात सही है कि कुल 10 लाख 88 हजार 858 इंदिरा आवासों की स्वीकृति के विपरीत दिसम्बर, 10 तक मात्र 2 लाख 57 हजार 451 मकान ही बनाए गए ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि उपलब्ध होने के बाद भी मात्र 40% आवास बनाने का क्या औचित्य है ?

## लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्रवाई

55. डॉ० अच्युतानन्द - क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष हेतु विभाग का योजना व्यय 11,74,47.19 लाख रूपए का है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 8 माह बीत जाने के बाद भी नवम्बर, 2010 तक मात्र 882.15 लाख रूपया ही व्यय हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो योजना कार्य में हो रहे विलम्ब को दूर करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना
दिनांक-23 मार्च, 2011 (ई०) ।

-----